सं.इंगाँराजविवि/प्रवेश/2026/02 दिनांक: 09/07/2026

अधिसूचना

सत्र 2026-27 हेतु इ.गाँ.रा.ज.वि.वि. - अमरकंटक के स्नातक तथा डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों (सीयूईटी-स्नातक उत्तीर्ण) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। स्नातक / डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश का संभावित कार्यक्रम निम्नांकित है:

क्र.	अनुसूची	तिथियाँ
1.	ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ	09 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026
2.	प्रथम काउंसलिंग सूची की घोषणा	30 जुलाई 2026
3.	काउंसलिंग ग्रीवेंसेस (यदि कोई हों)	30 जुलाई से 01 अगस्त 2026
4.	संबंधित विभाग में काउंसलिंग तथा दस्तावेज़ सत्यापन की संभावित तिथि (केवल ऑफ़लाइन माध्यम से) विस्तृत अनुसूची इं.गाँ.रा.ज.वि.वि. की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।	05 अगस्त 2026 से 07 अगस्त 2026
5.	प्रथम अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची का प्रकाशन	12 अगस्त 2026
6.	प्रथम अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची का प्रवेश शुल्क जमा करना	12 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026
7.	द्वितीय अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची का प्रकाशन	19 अगस्त 2026
8.	द्वितीय अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची का प्रवेश शुल्क जमा करना	19 अगस्त 2026 से 21 अगस्त 2026
9.	तृतीय अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन का प्रकाशन	25 अगस्त 2026
10.	तृतीय अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची का प्रवेश शुल्क जमा करना	25 अगस्त 2026 से 27 अगस्त 2026
11.	दस्तावेज़ों की अंतिम प्रस्तुति	31 अगस्त 2026 से 03 सितंबर 2026
12.	पंजीकरण शुल्क	600/- (सामान्य / अ.पि.व. / ई.डब्ल्यू.एस. आवेदक) 400/- (अ.जा. / अ.ज.जा. /तृतीय लिंग/ दिव्यांग आवेदक) (नॉन-रिफंडेबल) नोट :- यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक कार्यक्रम के लिए आवेदन करता है, तो उसे केवल एक कार्यक्रम के लिए ही पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा। प्रथम कार्यक्रम के अलावा किसी भी अतिरिक्त कार्यक्रम हेतु पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया जाएगा।
13	पंजीकरण लिंक (स्नातक / डिप्लोमा में प्रवेश हेतु)	https://igntucuet.samarth.edu.in

1. सीयूईटी (स्नातक) - 2026 में निर्गत समस्त पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण लिंक: www.igntu.ac.in या https://igntucuet.samarth.edu.in के माध्यम से प्रवेश हेतु पंजीकरण कर सकते हैं।

पंजीकरण से पूर्व, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे इं.गाँ.रा.ज.वि.वि. में जिस कार्यक्रम/पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उसके लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उन्हें सीयूईटी (स्नातक) – 2026 से संबंधित डोमेन में भी निर्गत होना होगा, जो विश्वविद्यालय द्वारा उस संबंधित कार्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित किया गया है।

2. जो अभ्यर्थी काउंसलिंग एवं दस्तावेज़ सत्यापन में भाग लेंगे, उन्हें निम्नलिखित मूल दस्तावेज़ साथ में लाने होंगे:

क) 10वीं / एचएससी मार्कशीट
ख) 12वीं / एचएसएससी मार्कशीट
ग) श्रेणी प्रमाण पत्र (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस.) (यदि कोई हो)
घ) दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि कोई हो)
च) सीयूईटी स्नातक स्कोर कार्ड
छ) इं.गाँ.रा.ज.वि.वि. सीयूईटी स्नातक आवेदन प्रपत्र

3. पात्र अभ्यर्थी को ऑफ़लाइन काउंसलिंग / दस्तावेज़ सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार प्रारूप में जारी किया गया आवश्यक वैध श्रेणी प्रमाण पत्र (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.एन.सी.एल./ई.डब्ल्यू.एस.) प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-I, अनुलग्नक-II, अनुलग्नक-III) संलग्न है।

4. काउंसलिंग एवं दस्तावेज़ सत्यापन पूर्ण होने के पश्चात, उपरोक्त निर्धारित तिथियों पर अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची घोषित की जाएगी।

5. प्रवेश हेतु चुने गए अभ्यर्थियों को उपरोक्त तिथियों पर समर्थ पोर्टल (https://igntucuet.samarth.edu.in) के माध्यम से अपेक्षित ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। यदि कोई चयनित अभ्यर्थी तय समयसीमा में शुल्क जमा नहीं कर पाता है, तो उसे प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात के किसी भी चरण में शुल्क जमा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उसकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त हो जाएगी।

6. जिन सभी अभ्यर्थियों को प्रकाशित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अस्थायी (प्रोविज़नल) चयन सूची के माध्यम से प्रवेश दिया गया है, उन्हें उपरोक्त तिथियों पर संबंधित विभाग में उपस्थित होकर अपने दस्तावेज़ जमा करने होंगे जिसके साथ ही निम्नलिखित मूल दस्तावेज़ भी प्रस्तुत करने होंगे:

क) 10वीं मार्कशीट की प्रति
ख) 12वीं मार्कशीट की प्रति
ग) श्रेणी प्रमाण पत्र (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व) की प्रति (यदि कोई हो)
घ) ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र की प्रति (यदि कोई हो)
च) दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रति (यदि कोई हो)
छ) मूल प्रवासन प्रमाण पत्र
ज) मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र
झ) मूल चरित्र प्रमाण पत्र
त) मूल अंतराल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
थ) आधार कार्ड की प्रति
द) एबीसी/अपार आईडी की प्रति
ध) पता/पहचान प्रमाण की प्रति
न) प्रवेश शुल्क पावती
प) प्रवेश प्रपत्र

7. प्रवेश देने से पूर्व अभ्यर्थी के सभी मूल अंकपत्रों तथा प्रमाणपत्रों की जाँच एवं सत्यापन विभाग की प्रवेश समिति द्वारा की जाएगी।

8. विश्वविद्यालय किसी भी चरण पर किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है यदि उसकी अभ्यर्थिता, जमा किए गए दस्तावेजों या पात्रता मानदंडों की पूर्ति आदि में कोई विसंगति पाई जाती है। इस संबंध में किसी भी स्तर पर कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. सभी आवेदकों को विवेचित किया जाता है कि वे अद्यतनों हेतु नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igntu.ac.in पर जाएं।

सीयूईटी (स्नातक) हेतु ऑनलाइन पंजीकरण लिंक : - https://igntucuet.samarth.edu.in

ई-मेल: igntuhelpdesk@igntu.ac.in

महत्वपूर्ण लिंक

- पात्रता मानदंड
- सीट मेट्रिक्स
- श्रेणी प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-I, अनुलग्नक-II, अनुलग्नक-III)
- पंजीकरण लिंक
- संपर्क

हस्ताक्षरित
समन्वयक (प्रवेश)